आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

दीपोत्सव के पर्व दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन–यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली एक जीवंत विरासत बनी रहे, न कि समय के साथ लुप्त होती स्मृति। हमारे बच्चों को यह जानना चाहिए कि हम दीपक क्यों जलाते हैं, न कि केवल कैसे जलाते हैं। उन्हें यह जानना चाहिए कि दीपावली रामराज्य का त्योहार है। यही सुशासन है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में, दीपावली हमें याद दिलाती है कि दीपक भले ही एक हो, लेकिन उसका प्रकाश हम सभी के लिए है।

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्व भर के लोग रोमांचित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के सांस्कृतिक विकास का प्रतीक है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नागरिकों के लिए एक भूली हुई वित्तीय संपत्ति को एक नए अवसर में बदलने का मौका है।

प्रधानमंत्री ने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई को बढ़ावा देने के लिये एशिया में माइक्रोसॉफ्ट के अब तक के सबसे बड़े निवेश का स्वागत भी किया है। उन्होंने एआई के क्षेत्र में भारत की नेतृत्व क्षमता को लेकर आशा व्यक्त की है।

****

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा आज फिर से शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धांत है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग पक्षपातपूर्ण होता जा रहा है। भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष जब भी हारता है, वह चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस के इतनी रैलियां करने और एसआईआर की आलोचना करने के बावजूद विधानसभा चुनावों में उसे केवल कुछ ही सीटें मिल पाईं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में श्री गोरक्षपीठ द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक–सप्ताह समारोह दो हजार पचीस के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने नशा माफियाओं के प्रति अकादमिक संस्थाओं को सतर्क रहने की सलाह दी।

तेजी के साथ नशा माफिया युवा पीढ़ी को अपनी चपेटे में लेने का कुत्सित प्रयास करता है । अकादमिक संस्थाओं को उसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा । युवाओं को उसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा। क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है, उसको हम अवसर न दें।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज तमिलनाडु के प्रतिनिधियों का पाचवां दल विशेष ट्रेन से वाराणसी पहुंचा। डमरू वादन, पुष्प वर्षा और 'वणक्कम काशी' के उद्घोष के बीच अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ। एक रिपोर्ट–

प्रतिनिधि मंडल ने काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद दल ने अन्न क्षेत्र में श्री विश्वेश्वर का प्रसाद ग्रहण किया और काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरिडोर का भ्रमण किया। वहीं आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर शिवा द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम के शास्त्रियों को तमिल भाषा से परिचित कराया गया। आज ही तमिलनाडु के तेनकाशी से अगस्त्य कार रैली भी वाराणसी पहुंची। नई पहल के रूप में इस बार संगमम में शामिल यह रैली अध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृतियों के मिलन का नवीन अवसर प्रदान कर रही है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ थानाक्षेत्र में आज दोपहर दो कारों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। एक्सप्रेस वे पर हुई इस टक्कर में एक कार में आग लग गई और उसमें बैठे लोगों की जलने से मौत हो गई।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश भर में सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे के जारी रहने की संभावना जताई है। यह स्थिति सोलह दिसम्बर तक बनी रहेगी। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों में बारह दिसम्बर तक कहीं–कहीं घने कोहरे की चेतावनी भी दी है।

****